## खबर संक्षेप

### शेष मतदाताओं की मैपिंग में लाएं तेजी : कलेक्टर




**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पन्ना जिला अंतर्गत संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार शेष मतदाताओं के मैपिंग कार्य को अविलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को एक सप्ताह की बढ़ी समयावधि के पूर्व एसआईआर के विभिन्न लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में डिजिटाईजेशन के लिए 9 हजार से अधिक मतदाता शेष हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे भी उपस्थित रहे।

### नगर के अंदर से गुजर रहे ट्रक ने बच्ची को मारी टक्कर



**गुनौर।** राधिका रैकवार सब्जी ले कर अपने घर जा रही थी कि तेज रफ्तार ट्रैक की चपेट में आ जाने से घायल हो गई तत्काल अस्पताल भेजा गया जहां पैर में गंभीर चोट बताई जा रही है बच्ची गुनौर के वार्ड नंबर 11 की बताई।

### देशी कट्टा एवं कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राखी पांडेय टीम के साथ दुबे कॉलोनी के पास गश्त कर रही थीं, तभी एक संदिग्ध युवक पुलिस वाहन को देखकर नदी की ओर भागने लगा। पुलिस दल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अमित दाहिया 40 निवासी बैलट घाट बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ, जिसके लिए वह कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 994/2025, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी पर पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। कार्रवाई में एसआई कुलदीप सिंह, प्र.आर. वीरेंद्र तिवारी की भूमिका रही।

# पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का किया गया आयोजन



पन्ना

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया, जहाँ लोगों को एचआईवी/एड्स से संबंधित जानकारी, बचाव के उपाय और उपचार की सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं, स्कूली छात्रों और स्थानीय नागरिकों ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान "एड्स से बचाव - जागरूकता है समाधान", "सुरक्षित जीवनशैली अपनाएँ" जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि एड्स से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता है। समय पर जांच और उपचार से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर निरूशुल्क परामर्श एवं जांच के संबंध में बताया गया जिसमें कई लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। विश्व एड्स दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम लोगों में जागरूकता फैलाने और स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा 1 दिसंबर से 2025 से 07 दिसंबर 2025 तक मनाया जाना है जिसमे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एड्स/पिअ के संबंध में आम जन समुदाय को जागरूक करने का लक्ष्य तय किया गया है जिस से पिअ/एड्स के संबंध में अधिक से अधिक जागरूक किया जा सके।

# अमानगंज फील्ड ग्राउंड में सांसद खेल महोत्सव के तहत रोमांचक खेल प्रतियोगिताएँ सम्पन्न



**अमानगंज।** सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अमानगंज फील्ड ग्राउंड में सोमवार को सुबह 11रू00 से लेकर शाम 4:00 बजे तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, स्थानीयजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। युवाओं में उत्साह और खेल भावना देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रचलित कर किया गया । इसके बाद अलग-अलग आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने बच्चियों ने स्कूल के छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकशी सहित कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

**मुख्य आयोजन -**

एथलेटिक्स, 100 एवं 200 मीटर दौड़ में युवा धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया।कबड्डीरू स्थानीय टीमों के बीच हुए मुकाबलों ने दर्शकों में रोमांच भर दिया।।खो-खो व रस्साकशीरू विद्यालयी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल महोत्सव में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएँ, युवा खिलाड़ी तथा स्थानीय खेल प्रेमियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। भाई भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर प्रशांत चतुर्वेदी अमानगंज ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने का मंच देना बताया गया। कार्यक्रम के दौरान अमानगंज क्षेत्र के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रही वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अंगद प्रजापति, भाजपा नेता कमल जैन, कमलेश पांडे,पूर्व महामंत्री प्रदीप अवस्थी, भाजपा मंडल आनंद सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा सहित पत्रकार गण एवं नगर के भ्रष्ट लोक मौजूद रहे।

# अमानगंज नगर में धूमधाम से निकाली गई श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा



अमानगंज।

नगर में सोमबार दोपहर 3 बजे श्रीमद् संगीतात्मक भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंगल ध्वनियों, भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री। कलश यात्रा में सिर पर सुशोभित कलश लिए महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया, वहीं श्रद्धालुओं द्वारा श्राधे-श्यामष, ष्हरे कृष्णष के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा स्थल पर पूजा-अर्चना और व्यासपीठ की स्थापना के बाद यात्रा का समापन हुआ। आयोजक सिरोलिया परिवार ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का दैनिक पाठ संगीतमय शैली में किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासियों के लिए विशेष भक्ति समारोह एवं प्रवचन आयोजित होंगे।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को समयावधि में लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएम हेल्पलाइन के तहत अधिक समयावधि की लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में प्रभावी निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही प्रत्येक गुरूवार को सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा बैठक की जानकारी से भी अवगत कराया। टीएल बैठक में खाद्यान्न वितरण, अजयगढ़ में अवैध कॉलोनाईजर्स के विरूद्ध कार्रवाई, जल संसाधन विभाग द्वारा मझगांय बांध परियोजना के प्रभावितों को दो दिवस में राशि वितरण, भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मण्डल हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने सहित सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने सहकारिता विभाग के अधिकारी को बैठक में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने तथा आगामी टीएल बैठक में सिविल सर्जन की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में अजयगढ़ को छोड़कर समस्त तहसीलदार को 18 प्लस आयु वर्ग के आधार नामांकन प्रकरणों के निराकरण तथा विभागवार न्यायालयीन प्रकरणों में भी प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर मंगलवार की जनसुनवाई में सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ताओं को सूचित कर कार्यालय में आमंत्रित करें और इनकी शिकायत का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत तहसीलवार सीवियर एनीमिक महिलाओं की सूची प्रस्तुत कर समय पर पोर्टल पर वांछित जानकारी की एंट्री दर्ज कराने तथा लापरवाह एएनएम एवं एमपीडब्ल्यू के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। जिले के चयनित 108 धरती आबा ग्रामों में आधार और आयुष्मान शिविरों के आयोजन तथा समस्त बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के बिंदुओं की समीक्षा कर सुशासन कार्ययोजना के तहत नामांकन, बटवारा और सीमांकन कार्यों सहित स्वामित्व योजना एवं फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य में प्रगति लाने के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके अलावा राजस्व अधिकारियों को मूल कार्यों पर फोकस करने सहित अभियान मोड में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए। वन अधिकार प्रकरणों के निराकरण, आवारा कुत्तों के टीकाकरण तथा अन्य महत्वपूर्ण विभागीय विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 25 महिलाओं के सफल आपरेशन किए गए



**देवेन्द्रनगर।** मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने सोमवार को शाम 6 बजे जानकारी देते हुए बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेन्द्रनगर में सोमवार को एक विशेष महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में वरिष्ठ सर्जन चिकित्सक डॉ. एम.एम. पाण्डेय द्वारा 25 महिलाओं के सफल नसबंदी ऑपरेशन किए गए हैं और बताया कि यह शिविर जनसंख्या नियंत्रण और मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है उन्होंने बताया कि सभी ऑपरेशन पूर्णतः सुरक्षित वातावरण में किए गए और महिलाओं को आवश्यक परामर्श एवं देखभाल भी प्रदान की गई। डॉ. जैन ने यह भी बताया कि परिवार नियोजन न केवल माताओं के स्वास्थ्य की रक्षा करता है बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को सुरक्षित बनाता है। हम सभी महिलाओं से आग्रह करते हैं कि वे इस प्रकार के शिविरों का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें। शिविर में महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा परामर्श और आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी सप्ताहों में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की योजना है।

# शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में गीता जयंती के अवसर पर गीता पाठ का हुआ आयोजन



**अमानगंज।** शासन के निर्देशानुसार अमानगंज नगर के सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय विद्यालयों में सोमबार को गीता जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने अध्यापकों के मार्गदर्शन में श्रीमद भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ किया। वही सोमवार दोपहर 12रू00 से 1रू00 के बीच अमानगंज कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा गीता पाठ का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को गीता के संदेशकृधर्म, कर्तव्य और सत्यनिष्ठाकृको जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

### महाराजा छत्रसाल मैदान में मनाया गया गीता जयंती महोत्सव

# सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा किया गया आयोजन





पवई।

मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम के संयुक्त आयोजन में गीता जयंती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पन्ना जिले सहित समस्त तहसीलों में गीता जयंती के अवसर पर गीता के 15 वें अध्याय का सामूहिक रूप से वाचन किया गया। इसी के तहत पवई के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा गीता जयंती महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें श्रीमद् भगवत गीता के अध्याय 15 पुरुषोत्तम योग का सामूहिक वाचन छात्र छात्राओं शिक्षकों आचार्य के साथ आए हुए अतिथि जनो के द्वारा किया गया। इस दौरान नगर के प्रसिद्ध कथा वाचक रामदुलारे पाठक के द्वारा सभी को गीता के महत्व के बारे में बताते हुए शासन के इस प्रकार वृहद स्तर पर गीता जयंती को मनाने के लिए साधुवाद दिया। बता दें कि गीता जयंती हर साल मार्गशीर्ष महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी को मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। इस अवसर पर छोटे लाल मिश्रा, उमा कुमार पांडेय, किशोरी लाल उपाध्याय,ब्रजेश नगायच , राजेंद्र तिवारी,सन्तोष गौतम, रघुवीर तिवारी आनंद सिंह परिहार, निधि पटेरिया, श्रीमती देवी खटीक, पुष्पेंद्र पटेल, जीतेन्द्र सोनी, अनिल पटेल सहित नगर के प्रबुद्ध जन,जन प्रतिनिधि, शिक्षक,विद्यार्थी,पत्रकार गण मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नगायच के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुखसागर कुंवर द्वारा किया गया।

### धान उपार्जन केन्द्रों पर व्यवस्थाओं के संबंध में दिए गए निर्देश, 9 नवीन केन्द्र भी निर्धारित




पन्ना।

शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य सोमवार से प्रारंभ हो गया है। जिले के कुल 50 खरीदी केन्द्रों पर आगामी 20 जनवरी तक धान खरीदी होगी। पूर्व में जिले में तहसीलवार 41 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण किया गया था। अब 9 नवीन केन्द्र भी निर्धारित किए गए हैं। इनमें पन्ना तहसील में समिति प्रांगण पहाड़ीखेरा एवं कांक्रीट प्रांगण तारा झरकुआं सहित गुनौर तहसील में सलेहा मंडी तथा पवई तहसील में समिति प्रांगण बड़खेराकलां को केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह सिमरिया तहसील में शिव वेयरहाउस दनवारा मोड़, शाहनगर तहसील में समिति प्रांगण बोरी, रैपुरा तहसील में समिति प्रांगण बघवार कलां एवं रैयासांटा तथा अजयगढ़ तहसील में बड़ी फील्ड अजयगढ़ को उपार्जन केन्द्र स्थल बनाया गया है। कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उपार्जन व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सभी केन्द्रों पर ग्रेडर की उपलब्धता तथा अन्य सामग्री व व्यवस्थाओं के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार सिकमी सत्यापन की कार्यवाही जल्द पूर्ण कराएं। एसडीएम व तहसीलदार द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। साथ ही वारदाना की उपलब्धता, व्यवस्थाओं के भौतिक सत्यापन सहित स्लॉट बुकिंग और स्कन्ध के समय पर उठाव, परिवहन और भण्डारण एवं किसानों को मुनादी तथा अन्य माध्यमों से सूचित करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि केन्द्र प्रभारी और ऑपरेटर के मोबाइल नंबर साझा कर समन्वय के साथ उपार्जन संबंधी कार्य किया जाए। नोडल अधिकारियों की नियुक्ति तथा शुरूआत से ही सभी केन्द्रों पर बेहतर प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### श्रीमती छोटी बाई लोधी के निधन पर शोकसभा आयोजित



**पन्ना/अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम मगरदहा की सम्मानित जनप्रतिष्ठित महिला श्रीमती छोटी बाई लोधी (पत्नी श्री शंकर लाल लोधी) का 19 नवम्बर 2025 की बीती रात मेडिकल कॉलेज रीवा में दुखद निधन हो गया था। उनके स्वर्गवास से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई और ग्रामवासियों में गहन व्यथा का माहौल छा गया। शिक्षक राजेश कुमार लोधी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मृतका का अंतिम संस्कार 19 नवम्बर की दोपहर उनके निज निवास मगरदहा, अजयगढ़ में विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया था। परिवार द्वारा आज 1 दिसंबर 2025 को कन्या भोज एवं शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामीण, मित्रगण एवं क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शोकसभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दुःख जताते हुए कहा कि श्रीमती छोटी बाई लोधी एक सरल, मिलनसार और सभी को सम्मान देने वाली व्यक्तित्व थीं। उनके निधन से समाज ने एक संवेदनशील एवं सक्रिय महिला को खो दिया है। उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य व शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से जामू निवासी टीटीआई श्री राम लोधी, रिटायर्ड आरआई परसराम सिंह लोधी, कौशल किशोर सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच चंदौरा अरपत सिंह लोधी, सूर्य प्रताप वर्मा (वकील साहब), सुनील कुमार गुप्ता, शिक्षक कमलेश सिंह लोधी, दिनेश बाबूजी, दयाराम लोधी, संतराम लोधी, राम गणेश लोधी, शिक्षक अरविंद सिंह लोधी, छतरपुर से शिक्षक रवि विनायक राय, हरपालपुर से शिक्षक मनीष कुमार अनुरागी, सूरजपुर से मंगल यादव, राम बिहारी, शिक्षक प्रेम सिंहलोधी तथा राष्ट्रीय लोधी एवं महासभा के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र लोधी सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

### समय सीमा में कार्य पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणीकरण एवं जल कर संग्रहण के दिए गए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवारों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा से संचालित शासन की अतिमहत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन स्कीम का जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाए। निर्माणाधीन कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लाभार्थियों तक इसका व्यापक लाभ पहुंचे। नियमित रूप से जल कर संग्रहण के साथ ही जागरूकता गतिविधियों के जरिए ग्रामीणजनों को इसके लिए जागरूक व प्रेरित भी करें। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एकल एवं समूह नल जल परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर विभिन्न स्तर पर समितियों के गठन और इसकी रूपरेखा के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग संचित खेत्रपाल, महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा एवं निशा परिहार व अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। बैठक में पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जिले के ग्रामों में संचालित नल जल परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अधिकारियों द्वारा आगामी कार्ययोजना के बारे में भी अवगत कराया गया। बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं में 254 ग्राम हर घर जल रिपोर्टेड तथा 203 ग्रामों में एचजीजे सर्टिफिकेशन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। इस दौरान जानकारी दी गई कि पीएचई विभाग अंतर्गत ग्राउण्ड वॉटर आधारित एकल ग्राम तथा जल निगम द्वारा सर्फेस वॉटर के आधार पर मल्टीविलेज स्कीम संचालित है। बैठक में कव्हरेज से छूटे कुछ ग्रामों को भी स्कीम से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा ललार गांव में पेयजल की सुलभ उपलब्धता के दृष्टिगत छतरपुर जिले की स्कीम से लाभांवित करने के लिए जरूरी समन्वय के संबंध में विचार विमर्श किया गया। महाप्रबंधक जल निगम द्वारा बैठक में ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन तथा भौतिक प्रगति की महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही ई जल जीवन मिशन के आईएमआईएस पोर्टल के माध्यम से कार्य पूर्णता पर हर घर जल प्रमाणीकरण, दिल्ली की टीम द्वारा सत्यापन व ग्राम पंचायत को एकल ग्राम योजना का हैण्डओवर एवं समूह जल प्रदाय योजना के 10 वर्ष तक मेंटेनेंस की बाध्यता संबंधी जानकारी भी दी गई। ईई पीएचई ने बताया कि एक माह में एकल परियोजनाओं में नल कनेक्शन का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। आगामी दिवसों में ग्राम पंचायत द्वारा एकल परियोजनाओं के प्रस्तावित संचालन की जानकारी भी दी गई। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि हैण्डओवर पश्चात सभी ग्राम पंचायतों में स्कीम का बेहतर संचालन व संधारण हो। किसी भी लापरवाही पर संबंधितों की जिम्मेवारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही जल निगम द्वारा संचालित पवई बांध समूह जल प्रदाय योजना के सतत मॉनीटरिंग सहित उड़नदस्ता दल का भी गठन किया जाए, जिससे संरचनाओं के छति को रोका जा सके। जिला कलेक्टर ने नल जल परियोजनाओं में विद्युत अवरोध दूर कराने सहित पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से जल कर की राशि चार्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में जल रेखा एप के उपयोग संबंधी जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त नवाचार, दूरस्थ बसाहटों में पानी की उपलब्धता के लिए जरूरी सर्वे इत्यादि पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने व्यवहारिक समस्याओं के निराकरण सहित जागरूकता कार्यक्रमों पर विशेष फोकस के निर्देश दिए। इसके अलावा मड़ला सहित नहरी, बगौहा एवं हरसा ग्राम में मड़ला इंटेकवेल से पेयजल प्रबंध, जमीन आवंटन व अतिक्रमण हटाने, सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर भी जोर दिया गया।

### जल निगम द्वारा प्रस्तुत की गई अनूठी पहल

समिति की बैठक में जल निगम द्वारा आज अनूठी पहल प्रस्तुत की गई। बैठक में पैकेज्ड मिनरल वॉटर के स्थान पर जल जीवन मिशन आधारित जल आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए पूर्व से संचालित पवई बांध समूह जल प्रदाय योजना से लाए गए शुद्ध पेयजल को तांबे की बोतलों में प्रस्तुत किया गया। जिला कलेक्टर ने इसे सराहनीय और प्रेरणादायक कदम बताते हुए कहा कि पैकेजिंग वॉटर की जगह यदि हम अपने ही जिले की नल जल योजनाओं के शुद्ध पेयजल का उपयोग करें, तो यह न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि हमारे जल आपूर्ति तंत्र की विश्वसनीयता का भी प्रमाण होगा। इस प्रयास को आगे और बढ़ाया जाना चाहिए। यह अभिनव कदम जिले में स्वच्छता, जल सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झण्डी

कलेक्टर ऊषा परमार ने बैठक के पूर्व कलेक्टर कार्यालय से जल जीवन मिशन अंतर्गत जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। जागरूकता रथ पवई बांध समूह जल प्रदाय योजना से लाभांवित पवई एवं शाहनगर विकासखंड के 158 ग्रामों में निरंतर भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रचार रथ के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल जीवन मिशन की महत्वपूर्ण जानकारी सहज तरीके से उपलब्ध हो सकेगी। यह सराहनीय प्रयास अत्यंत उपयोगी साबित होगा। प्रचार रथ में योजना का संदेश प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आकर्षक चित्रों, संदेश और जानकारी का समावेश किया गया है। रथ गांव-गांव पहुंचकर नल जल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण पेयजल, जल संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करेगा।

## खबर संक्षेप



### देशज समारोह में बघेली लोकगीतों की हुई प्रस्तुति

**खजुराहो।** आदिवर्त जनजातीय लोककला राज्य संग्रहालय, खजुराहो जो मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित है संग्रहालय में साप्ताहिक सांस्कृतिक श्रृंखला 'देशज के अंतर्गत रविवार को बघेलखंड, बुन्देलखंड एवं जनजातीय परंपराओं पर आधारित विविध लोकनृत्य और लोकगीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कलाकारों के पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति कपिल देव तिवारी एवं साथी, सीधी द्वारा बघेली लोकगीतों की रही कलाकारों ने गणेश वंदना, देवी गीत, सोहर एवं बधाई जैसे पारंपरिक गीतों से वातावरण को लोकसंगीत की मधुरता से भर दिया।

इसके पश्चात छिंदवाडा से पधारे मोजीलाल डंडोलिया एवं साथी द्वारा भड़म जनजातीय नृत्य की रही। भारिया जनजाति के परम्परागत नृत्यों में भड़म, प्रमुख हैं। भड़म नृत्य विवाह के अवसर पर किया जाने वाला नृत्य भारियाओं का सर्वाधिक प्रिय नृत्य है। भड़म समूह नृत्य है। ढोल टिमकी वादक पहले घेरा बनाते हैं घेरे के बीच का एक नर्तक लकड़ी उठाकर दोहरा गाता है। दोहरा के अंतिम शब्द से वाद्य बजना शुरू हो जाते हैं। ढोलक की थाप और टिमकी की ताल पहले मंद गति से उठती है और तीव्र से तीव्रतर होती जाती है। नृत्य की गति भी वाद्यों के साथ बढ़ती है। ढोल वादकों के पैरा समानान्तर गति में धीरे-धीरे सरकते हैं। टिमकी वादक ठुमकते हुए अद्रधवक्र गतियां बनाकर घेरे में घूमते हैं। घेरे के बीच के नर्तक तेज गति से पैर कमर और हाथों को गति देकर नाचते हैं। बीच-बीच में किलकाली मारते हैं। चरम पर वाद्य-नृत्य थम जाता है। फिर एक नर्तक दोहरा कहता है और यही क्रम चलता जाता है। ढोल, टिमकी और झांझ की समवेत ध्वनि दूर गरजनगे वाले बादलों की गंभीर घोष की तरह सुनाई देती है। थोड़े-थोड़े विश्राम के साथ नृत्य रात भर चलता है। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति प्रदीप पटेल एवं साथी, दमोह द्वारा बुन्देली संस्कार गीतों की रही। कलाकारों ने बिलवारी, गारी, जेवनार, बन्ना एवं सोहर जैसे गीतों की ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि दर्शक झूम उठे।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है, अवैध हथियार जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हथियारों के स्रोत संबंधी जानकारी एकत्र कर संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है। थाना गौरिहार पुलिस को क्षेत्र भ्रमण के दौरान गौरिहार इटौरा रोड में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान इटौरा रोड पहुंची। पुलिस को देखकर संदेही ने भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने संदेही को पकड़ा। तलाशी लेने पर अवैध 315 बोर का देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस मिला, बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया।
आरोपी उदयभान द्विवेदी पिता रामशरण द्विवेदी निवासी गौरिहार, जिला छतरपुर के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर विधिवत कार्यवाही की गई। आरोपी हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, अवैध हथियार जैसे 17 अपराधों में लिप्त है।

#### लड़की पक्ष ने जमकर मचाया हंगामा, घंटों तक रहा चक्काजाम

## मुंह मांगा दहेज न मिलने पर बिना विदाई के वापिस लौटी बारात



**छतरपुर।** सोमवार की सुबह शहर के नौगांव रोड पर उस वक्त अफरा-तफरी का महौल निर्मित हो गया जब अचानक एक विवाह घर से रोने और चीखने चिल्लाने की आवाजें उठीं। कुछ ही देर में विवाह घर में मौजूद लोग सड़क पर आ गए और उन्होंने चक्काजाम कर हंगामा शुरु कर दिया। पड़ताल करने पर पता चला कि मुंह मांगा दहेज न मिलने के कारण वर पक्ष बिना विदाई के वापिस लौट गया है। सुबह करीब 9 बजे शुरु हुआ यह हंगामा दोपहर तक चला। बाद में किसी तरह पुलिस की समझाइश और वर पक्ष पर उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिजन शांत हुए।

टीकमगढ़ जिले के पलेरा थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौता निवासी भागचंद्र कुशवाहा ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी नीतू का विवाह छतरपुर के देरी रोड पर रहने वाले राजेश कुशवाहा के बेटे गौरव कुशवाहा से तय किया था। रविवार को बेटी का विवाह छतरपुर शहर के नौगांव रोड स्थित विवाह घर में चल रहा था तभी वरमाला के बाद राजेश और उसका पुत्र गौरव कुशवाहा अचानक दहेज के रूप में 10 लाख रुपए मांगने लगे। भागचंद्र के मुताबिक उसने बेटी का विवाह 10 लाख रुपए में तय किया था जिसमें से साढ़े 6 लाख रुपए नगद वह फलदान सहित अन्य कार्यक्रमों में दे चुका है। शेष राशि का सामान विदाई के वक्त देने वाला था लेकिन विवाह के बीच अचानक दूल्हा और उसका पिता 10 लाख रुपए की मांग करने लगा जो कि वह पूरी नहीं कर सका। तमाम फरियाद और मिन्नतों के बावजूद राजेश और गौरव नहीं माने और विदाई के बिना बारात वापिस ले गए।

बारात वापिस लौटने के बाद विवाह स्थल पर कोहराम मच गया। हाथों में मेंहदी लगाए बैठी दुल्हन के अलावा उसके माता-पिता और पूरे वधू पक्ष की आंखों में आंसू थे। यह सभी लोग विवाह घर से बाहर निकलकर सड़क पर बैठकर बिलखने लगे, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। कुछ देर बाद स्थिति बिगडऩे पर ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव और कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी मौके पर पहुंचे। घंटों तक समझाइश देने के बाद भी वधू पक्ष का बिलखना बंद नहीं हुआ। इस दौरान सड़क पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। काफी समझाइश के बाद वधू पक्ष ने ओरछा रोड थाना पहुंचकर वर पक्ष के विरुद्ध देहज प्रताडऩा का मामला दर्ज कराया और मौके पर स्थिति सामान्य हुई।

### इनका कहना है -

विवाह के दौरान वर पक्ष द्वारा दहेज के रूप में 10 लाख रुपए मांगे जाने और मांग पूरी न होने पर बिना विदाई के बारात वापिस लौटाने की शिकायत दर्ज कर ली गई है। वधू पक्ष को शांत कराकर वापिस गांव भेजा गया है। मामले की जांच जारी है, जल्द ही विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**दीपक यादव**
थाना प्रभारी, थाना ओरछा रोड

#### कोर्ट मैरिज करने पहुंचे प्रेमी जोड़े पर न्यायालय में हुआ हमला

## विवाह रोकने पहुंचे थे लड़की के परिजन, मारपीट के वीडियो वायरल



**छतरपुर।** जिला न्यायालय परिसर में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रेम विवाह करने पहुँचे एक युवक-युवती पर लड़की पक्ष के लोगों ने अचानक हमला कर दिया। युवक-युवती कोर्ट मैरिज की प्रक्रिया में थे, तभी लड़की पक्ष के लोग वहाँ पहुँचे और युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाया गया है, जहाँ पुलिस दोनों पक्षों से विस्तृत पूछताछ कर रही है। वहीं दूसरी ओर न्यायालय में हुई मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के कारण मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जो प्रेमी जोड़ा विवाह करने कोर्ट पहुंचा था, उनमें युवक ब्राह्मण समाज का था जबकि युवती विश्वकर्मा समाज की। दोनों कोर्ट में प्रेम विवाह करने वाले तभी लड़की पक्ष के लोग वहाँ पहुँच गए और गुस्से में युवक को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने का प्रयास कर रही लड़की के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। अदालत में मौजूद वकीलों ने तुरंत हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया, लेकिन तब तक किसी ने अपने मोबाइल से इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि अदालत परिसर के भीतर किस तरह खुलेआम मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस अदालत पहुँची और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर घटना के सही कारणों और आगे की कार्रवाई की तैयारी में जुटी है।

### गीता जयंती पर शा. विद्यालय क्र.1 में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**छतरपुर।** शहर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 में सोमवार को गीता जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री रहीं। मुख्य अतिथि ने दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में गीता के महत्व और जीवनोपयोगी संदेशों पर प्रकाश डाला। साथ ही गीता सार को सरल शब्दों में समझाते हुए कहा कि गीता जीवन को सही दिशा देने वाला ग्रंथ है, जो प्रत्येक व्यक्ति को कर्म, धर्म और कर्तव्य का बोध कराता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, नाट्य और गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गीता के उपदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, प्र.जिला शिक्षा अधिकारी अरुण शंकर पाण्डेय, जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संकट मोचन महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण, भव्य हवन-पूजन और भंडारे का हुआ आयोजन



**छतरपुर।** शहर के श्री संकट मोचन महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत सोमवार को मंदिर परिसर में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत हवन-पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर समिति की ओर से समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि छतरपुर के श्री संकट मोचन महादेव मंदिर में गुरुवार को जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में पहले हवन-पूजन किया गया, जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर की समिति ने इस जीर्णोद्धार कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं और सहयोगियों का सम्मान किया। समिति के सदस्यों ने सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके योगदान से यह धार्मिक कार्य पूर्ण हो सका।

#### कलेक्टर ने जारी किया नोटिस, कर्मचारी ने दी सफाई

## कलेक्ट्रेट के कर्मचारी की पोस्ट से छतरपुर में मचा बवाल



**छतरपुर।** पिछले दिनों आईएएस संतोष वर्मा द्वारा दिए गए एक विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि छतरपुर कलेक्ट्रेट के कर्मचारी की एक पोस्ट ने छतरपुर में फिर बवाल खड़ा कर दिया। कर्मचारी पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली है, जिसमें देवी-देवताओं और ब्राह्मण समाज से संबंधित कथित आपत्तिजनक बातें लिखी हुई हैं। इसी पोस्ट से नाराज ब्राह्मण समाज और हिंदू संगठनों ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ता रवि पाण्डेय ने बताया कि छतरपुर कलेक्ट्रेट की निर्वाचन शाखा में पदस्थ कर्मचारी संतोष वर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली गई है, जिसमें हिन्दु देवी-देवताओं से संबंधित कथित आपत्तिजनक बातें लिखी हैं, जिससे न केवल ब्राह्मण समाज बल्कि समस्त हिन्दु धर्मावलंबियों की भावनाएं ?आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन इस आपत्तिजनक पोस्ट पर ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं करता, तो वे न्यायालय में परिवाद दायर करेंगे। वहीं हिंदू समाज सहित अन्य लोगों ने भी इस पोस्ट को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला बताया है और जल्द कार्रवाई की मांग की। सीएसपी अरुण कुमार सोनी ने बताया कि निर्वाचन शाखा में पदस्थ कर्मचारी संतोष वर्मा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक आपत्तिजनक पोस्ट डाली थी, जिसे तुरंत हटा लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। वहीं जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

### विवादित कर्मचारी ने दी सफाई

विवाद बढऩे के बाद जब कर्मचारी संतोष वर्मा से बात की गई तो उनका कहना था कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही पोस्ट उन्होंने नहीं डाली, बल्कि उनकी फेसबुक आई.डी. हैक कर दी गई है। उन्होंने एहतियातन अपना पूरा सोशल मीडिया अकाउंट लॉक कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस अधीक्षक और सिटी कोतवाली में शिकायत भी दर्ज कराई है।

## छतरपुर में नहीं थम रहा आईएएस संतोष वर्मा का विरोध

#### ब्राह्मण समाज और करणी सेना ने फूंका पुतला, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

छतरपुर




ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर आईएएस संतोष वर्मा के कथित अभद्र बयान के बाद से छतरपुर जिले में लगातार उनका विरोध जारी है। सोमवार को ब्राह्मण समाज और करणी सेना ने आईएएस संतोष वर्मा का पुतला दहन करने के बाद एसपी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा और सख्त कार्रवाई की मांग रखी।

दोपहर में सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण समाज और करणी सेना के पदाधिकारी-कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए, जिनके द्वारा रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इतना ही नहीं एक स्थान पर आईएएस संतोष वर्मा का पुतला भी जलाया गया। प्रदर्शन के उपरांत ब्राह्मण समाज और करणी सेना सहित अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक आवेदन सौंपा, जिसमें उल्लेख है कि आईएएस संतोष वर्मा के बयान ने न सिर्फ समाज में वैमनस्यता फैलाई है, बल्कि सार्वजनिक पद पर बैठे व्यक्ति के आचरण की मर्यादा का भी उल्लंघन किया है, ऐसे में उनके खिलाफ तत्काल प्राथमिकी (एफ.आई.आर.) दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर ब्राह्मण समाज की ओर से रविश मिश्रा, शैलेन्द्र कौशिक, अधिवक्ता रवि पाण्डेय, करणी सेना के पदाधिकारी शिवप्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद रहे।

### बक्सवाहा में ब्राह्मण एवं सर्व सवर्ण समाज ने किया प्रदर्शन

नोटः इस समाचार के साथ फोटो 13 लगाएं।

वहीं दूसरी ओर जिले के बकस्वाहा में ब्राह्मण समाज ने अन्य सवर्ण समाजों के साथ मिलकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अधिकारी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और उन्हें तत्काल बर्खास्त करने की मांग की गई। विरोध मार्च के बाद पुलिस थाने पहुँचकर एफ़.आई.आर. दर्ज करने पर भी जोर दिया गया, जिससे स्पष्ट है कि समाज इस गंभीर मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। नगर सहित पूरे क्षेत्र से आए ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार भरत पांडेय को सौंपा। तहसीलदार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए ज्ञापन को आगे की कार्रवाई हेतु भेजने का आश्वासन दिया।

## एसडीओपी ने स्कूली छात्रों से किया संवाद

**लवकुशनगर।**



पुलिस विभाग द्वारा सामुदायिक जागरूकता के तहत आज एक शासकीय शाला में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों से अवगत कराया गया और उन्हें सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।

सोमवार को लवकुशनगर एसडीओपी नवीन दुबे और उनके साथ जुझार नगर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह शासकीय एकीकृत शाला ज्यौराहा में स्कूली बच्चों के बीच पहुँचे। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम, फ्रॉड कॉल्स, महिला संबंधी अपराध, और हेल्प लाइन नंबर जैसे सुरक्षा संबंधी प्रावधानों और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को विशेष रूप से 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता नंबर), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) और 1098 (बाल सहायता नंबर) के उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बच्चों से आग्रह किया कि किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग करें और बिना डर अपनी बात पुलिस तक पहुँचाएँ। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

#### सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



**छतरपुर।** दुनियाभर में हर साल एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। वल्ड एड्स डे को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों के बीच एड्स महामारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने, और एचआईवी / एड्स के साथ रहने वाले लोगों का समर्थन करना है। कार्यक्रम की शुरुआत जिला चिकित्सालय छतरपुर में जागरूकता प्रभात फेरी के साथ की गई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी गुप्ता, एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया एवं आर.एम.ओ. डॉ. अमित अग्रवाल, जिला एड्स नियंत्रण समिति नोडल अधिकारी डॉ. रविन्द्र पटेल एवं ओ.एस.टी. नोडल अधिकारी डॉ. अभय सिंह एस.टी.डी. नोडल अधिकारी डॉ. गौरव अग्रवाल एवं डॉ. गायत्री नामदेव, जिला कार्यकम प्रबंधक राजेन्द्र खरे उपस्थित रहे। समुदायों में जो लोग एच.आई.व्ही. के साथ जीवन व्यतीत कर रहे है उनके साथ हमें भेदभाव नहीं करना है और उनको भी मुख्य धारा में जोडऩा है जिससे उनके अंदर कोई भेदभाव का भाव पैदा ना हो पाये। सभी समुदायों को आगे आकर नेतृत्व करना होगा, जिससे एच.आई.व्ही. एड्स का खात्मा जल्द से जल्द हो सके।

रैली का शुभारम्भ डॉ. आर.पी गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा रेड रिविन काटकर रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली जिला चिकित्सालय छतरपुर से प्रारंभ हुई, बम्हकुमारी आश्रम के सामने मानव श्रृंखला बनाकर, किशोर सागर तालाब से होती हुई जिला चिकित्सालय छतरपुर परिसर में आकर संपन्न हुई। जिसमें दक्ष, एस.बी.एन. एवं रामदेव नर्सिंग कॉलेज के लगभग 200 विद्यार्थी एवं जिला चिकित्सालय स्टाफ सदस्य रैली में शामिल हुये। इसके बाद शासकीय कन्या महाविद्यालय में लगभग 300 विद्यार्थियों के बीच एड्स जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसके बाद रेल्वे स्टेशन छतरपुर पर एड्स जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. रविन्द्र पटेल, डॉ. गायत्री नागदेव एवं डॉ. ऋषि द्विवेदी उपस्थित रहे। रेल्वे स्टेशन पर 20 लोगों की एच.आई.व्ही. स्क्रीनिंग कीगई। इसके बाद खजुराहो फार्मेसी कॉलेज जाकर एड्स जागरूकता कार्यकम किये।

विश्व एड्स दिवस के मौके पर रेड रिवन कार्यकम का आयोजन किया गया, जिसमे जिला अस्पताल के एस.टी.आई. केन्द्र से सचिन चौरसिया, आई.सी.टी.सी. से संगीता तिवारी, सावित्री तिवारी एवं हेवेन्द्र अहिरवार, ओ.एस.टी केन्द्र से ब्रजेश चतुर्वेदी, जमुना अवस्थी, सुधा सिंह परिहार, सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान से परियोजना प्रबंधक योगेश साहू, विपिन सिंह, सतीष गोस्वामी, वीरेन्द्र रावत, मनीष कुशवाहा, आरजू खातून, महिला समिति से परियोजना प्रबंधक सुरेन्द्र अहिरवार, राजकुमार चंदेल, रजनी नामदेव,कंचन रजक, ज्योति पाटकर,पायल कुशवाहा, एवं तुमुल विहान सागर से अनूप एवं ब्रजेन्द्र ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा एड्स जागरूकता संबंधी आई.ई.सी. सामग्री बांटी।

## सेफ्टी और नवाचार का संगम : एनटीपीसी विन्ध्याचल ईएमडी टीम ने लॉन्च किया 'कौन अपनाएगा सुरक्षा नीति'

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विन्ध्याचल के ईएमडी विभाग ने रचनात्मकता और सुरक्षा-जागरूकता का उत्कृष्ट परिचय देते हुए अनोखे केबीसी (KBC) स्टाइल सुरक्षा क्विज़—"कौन अपनाएगा सुरक्षा नीति?" की शुरुआत की है। पूर्णतः इन-हाउस और न्यूनतम संसाधनों से विकसित इस क्विज़ ने संविदाकर्मियों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण को मनोरंजक, इंटरैक्टिव और यादगार अनुभव में बदल दिया। यह पहल गेमिफाइड सेफ्टी ट्रेनिंग की दिशा में एक नया कदम है, जो बेहतर याददाश्त, अधिक सहभागिता और सुरक्षा के प्रति गहरी समझ को बढ़ावा देती है।

इस नवाचारी मॉडल का औपचारिक शुभारंभ श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विन्ध्याचल) ने वरिष्ठ प्रबंधन टीम की उपस्थिति में किया। कोर वैल्यू माह के दौरान यह पहल तेजी से केंद्रबिंदु बन गई है, जो दर्शाती है कि किस प्रकार नया सोच और सरल नवाचार कार्यस्थल की सुरक्षा संस्कृति को ऊंचाई प्रदान कर सकता है। ज्ञान और मनोरंजन के अनूठे संयोजन से तैयार किए गए इस मॉडल ने स्टेशन में प्रभावी, सुगम और कर्मचारी-हितैषी सुरक्षा जागरूकता का एक नया मानक स्थापित किया है।

## एनसीएल झिंगुरदा में सम्पन्न हुई नराकास, सिंगरौली की वर्ष 2025–26 की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक




**सिंगरौली।** एनसीएल की झिंगुरदा परियोजना स्थित अधिकारी क्लब में गत शनिवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सिंगरौली की वर्ष 2025–26 की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष, नराकास सिंगरौली, बी. साईराम द्वारा की गई। इस अवसर पर निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार तथा परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी विंध्याचल, विंध्यनगर, संजीब कुमार साहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं के अधिकारी, पावरग्रिड, के.औ.सु.बल., विंध्यनगर, एसबीआई वैढ़न, डाक विभाग, यूनियन बैंक, रेलवे, बीईएमएल, बीएसएनएल तथा अन्य सरकारी संस्थानों के राजभाषा अधिकारी/प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अपने संबोधन में सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम ने उपस्थित सभी सदस्यों को राजभाषा हिन्दी के प्रभावी एवं व्यापक उपयोग को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया। नराकास , सिंगरौली की द्वितीय अर्धवार्षिक में सभी सदस्य कार्यालयों की शत प्रतिशत हिन्दी में कार्य करने हेतु समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए गए।

## जल संसाधन विभाग के क्वार्टरों में ग्राम पंचायत निधि से लगे पेवर ब्लॉक



**बड़ामलहरा।** जनपद की ग्राम पंचायत रामटौरिया से सरकारी धन के खुलेआम दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। सरपंच और सचिव की मिलीभगत से नियम-कायदों को ताक पर रखकर एक सरकारी कॉलोनी में अवैध रूप से पेवर ब्लॉक बिछाने का काम चल रहा है, जबकि कॉलोनी के मूल क्वार्टर जर्जर हालत में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह विकास नहीं, बल्कि सरकारी खजाने की निकासी का मास्टरस्ट्रोक है, जिसे निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। मामले की जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी एसआईआर की आड़ में चुप्पी साधे हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रामटौरिया के वार्ड नं. 6 की जल संसाधन विभाग की सिंचाई कॉलोनी में सरपंच और सचिव की जोड़ी ने बिना किसी प्रशासनिक अनुमति या प्रस्ताव के, ग्राम पंचायत निधि से लाखों रुपये खर्च कर पेवर ब्लॉक बिछाने का काम शुरू करा दिया है। ग्रामीणों का गुस्सा इसलिए सातवें आसमान पर है, क्योंकि कॉलोनी के क्वार्टर लंबे समय से जर्जर हैं, प्लास्टर झड़ चुका है और इमारतें कभी भी ढह सकती हैं। उनका आरोप है कि पंचायत की प्राथमिकता दीवारों को खड़ा करना थी, न कि टूटी इमारतों के बीच दिखावे के लिए लाखों रुपये खर्च करना। इस घोटाले का सबसे विस्फोटक पहलू यह है कि कॉलोनी का किराया जल संसाधन विभाग वसूलता है, लेकिन लाखों रुपये का महंगा निर्माण ग्राम पंचायत की निधि से कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह सब कॉलोनी में रह रहे सरपंच और सचिव के खास किराएदारों को वीआईपी सुविधा देने के लिए हो रहा है। मीडिया ने जब वार्ड पंच गोर्वधन पाल सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों से बात की, तो वे सभी अज्ञानता का दावा करते दिखे। पंचायत के जिम्मेदार सचिव राकेश शर्मा ने खुद को एसआईआर में व्यस्त बताकर पल्ला झाड़ लिया और कहा कि सारा काम महिला सरपंच बबली आदिवासी देख रही हैं, लेकिन मौके पर दोनों में से कोई भी उपस्थित नहीं था। मीडिया द्वारा संपर्क करने पर सी.एम.ओ. ने फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझा। ग्रामीणों ने इस महाघोटाले को ग्राम निधि की हत्या करार देते हुए, तत्काल उच्च स्तरीय जांच और आर्थिक अपराध शाखा से जाँच की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर सहायक शिक्षक अर्जुनदास कोल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस के अनुसार विधानसभा क्षेत्र गुढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 237 इटार पहाड़ के बीएलओ के सहयोग के लिए सहायक शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन सहायक शिक्षक 22, 23 और 24 नवम्बर को कर्तव्य से अनुपस्थित रहे। सहायक शिक्षक इसके साथ ही तब से अब तक लगातार अनुपस्थित हैं और निर्वाचन जैसे कार्य में उनके द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया। उनकी इस अनुपस्थिति को कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही मानते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यह कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के विरूद्ध होकर दण्डनीय है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कोल को निर्देश दिया है कि वे नोटिस प्राप्त होने के तीन दिवस के भीतर अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करें कि क्यों न उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। यदि नियत समय में जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है या प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होता है, तो सहायक शिक्षक के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही

**कटनी**। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने खिरहनी फाटक वेंकट वार्ड थाना कोतवाली, हाल निवासी प्रेमनगर निवासी एन्थोषनी गोस्वामी उर्फ एन्थोवनी मद्रासी पिता रवि गोस्वामी उम्र 22 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 5 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। एन्थोयनी के विरूद्ध वर्ष 2018 से वर्ष 2023 तक थाना कोतवाली में 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन से गाली गलौज करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, चाकूबाजी करना, शराब पीने हेतु पैसे की मांग करना, अवैध वसूली करना, अवैध रूप से शस्त्रर कब्जेर में रखनाजैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा एन्थोनी के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्येवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी एन्थोषनी गोस्वोमी को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वा सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्वव सीमाओं से 5 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

# मनमर्जी का निर्माण: चार साल से अभी तक अधर में लटका शहर का मास्टर प्लान, तीन साल से संशोधन के लिए भेजी फाइल, अभी तक नहीं हो सकी कार्रवाई

रीवा




शहर का मास्टर प्लान 2035 कई वर्षों से विवादों की वजह से अधर में लटका हुआ है। बिना किसी ठोस तैयारी के पहले तो मास्टर प्लान तैयार किया गया, किसी तरह इसका प्रकाशन हुआ तो तकनीकी खामियां बताकर सरकार ने निरस्त कर दिया। इसमें कुछ संशोधन कर फिर से शासन के पास भेजा गया, जहां से कई वर्षों के बाद भी अब तक प्रकाशन नहीं हो पाया है। शासन के स्तर पर लंबित फाइल को लेकर न तो शासन ने अब तक कोई प्रयास किया है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस पर कोई आवाज उठाई है। विधानसभा में अन्य शहरों के मास्टर प्लान के मुद्दे उठाए जाते हैं, लेकिन रीवा का मामला अब तक नहीं उठाया गया है। नया प्लान तैयार करने के लिए शहर की पूरी तरह से समीक्षा करने के बाद प्रारूप तय होना चाहिए, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अधिकारियों ने ऑफिस में ही बैठकर नया प्लान तैयार कराया और उसका प्रकाशन भी करा दिया। इस पर शिकायतें हुई तो शासन ने प्रकाशित प्रारूप को निरस्त कर दिया। उसमें कहा गया कि मास्टर प्लान 2035 के प्रकाशन में विधिक रूप से प्रक्रिया की पूर्ति नहीं की गई है। प्लान के लिए स्थानीय लोगों की भी राय जरूरी होती है, लेकिन अधिकारियों ने आफिस में बैठकर पूरी योजना बनाई। जियो टैगिंग के आधार पर आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक उपयोग, यातायात, आमोद-प्रमोद आदि से जुड़े क्षेत्रों का अलग-अलग सत्यापन कर मास्टर प्लान तैयार किया गया।पुराने प्रारूप को ही फिर से भेजाटाउन एंड कंट्री प्लॉनिंग विभाग के अधिकारियों ने प्लान तैयार करने में दूसरी बार भी लापरवाही बरती है। पहली बार नियमों का पालन नहीं होने की वजह से प्रकाशन के बाद निरस्त किया गया। इसके बाद पुराने प्रारूप को ही फिर से भेजा गया है। इस बार प्रकाशन के नियमों का पालन करते हुए पहले अखबारों में सूचना दी गई और दावा आपत्तियां मांगी गई, लोगों ने 102 आपत्तियां और 15 सुझाव दिए थे, उनकी अनदेखी की गई।नदी का ग्रीन बेल्ट घटायाबीहर- बिछिया के किनारे अतिक्रमण हो गया है। नदियों का ग्रीन बेल्ट पहले 50 मीटर निर्धारित किया गया था, जिसे कम करते हुए पहले 30 फिर कुछ जगह शर्तें जोड़कर 15 से 20 मीटर तक ग्रीन बेल्ट को कर दिया गया है। नदी के नजदीक तक किए गए अवैध कब्जे को अब वैधता प्रदान की जा सकेगी।पूर्व के प्लान की हुई थी अनदेखीशहर के पूर्व के मास्टर प्लान 2021 में निर्धारित शर्तों की अनदेखी हुई थी। भीतर कई ऐसे स्थान हैं जहां पर प्रस्ताव दूसरे कार्यों का था और अन्य निर्माण हो गए। ललपा तालाब में प्रधानमंत्री आवास निर्माण, गोल क्वार्टर बिछिया आदि में आवासीय योजना प्रस्तावित नहीं थीलेकिन मकान बना दिए गए। लैंड यूज बदले बिना निर्माण कराए गए। शहर के कई हिस्से ऐसे हैं जहां तालाब, पार्क आदि के लिए स्थान आरक्षित किया गया वहां आवासीय या फिर व्यवसायिक भवन बनवा दिए गए।छोटी पुल के बगल में बीहर नदी के टापू को योजना में शामिल किए बिना वन विभाग की एनओसी आधार पर 35 साल की लीज दे दी गई। फिलहाल नगर निगम पूर्व के प्लान को ही सही मानकर भवन अनुज्ञा जारी कर रहा है।8217 हेक्टेयर शहर का बढ़ेगा क्षेत्रफलनगर निगम रीवा में आसपास के जिन गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव है, उन गांवों का रकबा 8217.49 हेक्टेयर है। राजस्व के इन 48 गांवों (13 गांवों के अंशभाग) को शामिल किया गया है। इनमें वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक 43823 की जनसंख्या या भी शहर में शामिल होगी। इस तरह से रीवा नगर निगम का क्षेत्रफल काफी बड़ा हो जाएगा। गांवों का जो हिस्सा शामिल किए जाने का प्रस्ताव है। वह वर्तमान शहर से अधिक है। अभी रीवा नगर निगम का क्षेत्रफल 6265.62 हेक्टेयर जीआइएस के अनुसार है। इसमें 8217.49 हेक्टेयर का रकबा शामिल करने के बाद कुल क्षेत्रफल 14483.11 हेक्टेयर हो जाएगा। अनियंत्रित और अव्यवस्थित विकास, बुनियादी ढांचे पर दबाव, निवेश और आर्थिक विकास मेरुकावट, पर्यावरणीय समस्याएं, हाउसिंग क्राइसिस और झुग्गियों का फैलाव, कानूनी और प्रशासनिक विवाद, तकनीकी विकास और डिजिटलीकरण का कार्य भी प्रभावित होता है। रीवा में देखा जा रहा कि नया मास्टर प्लान नहीं होने की वजह से कॉलोनाइजर्स अपनी मर्जी से कॉलोनियां बसा रहें। तेजी से पेड़-पौधे नष्ट कर निर्माण किए जा रहे हैं।

# नगर निगम ने शुरू किया विशेष कर वसूली अभियान, हर वार्ड में लगेंगे शिविर



**रीवा**। नगर निगम द्वारा राजस्व वृद्धि और कर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कर संग्रहण अभियान शुरू किया जा रहा है। उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने मंगलवार को निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर कर वसूली से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार चालू वित्तीय वर्ष की मांग तथा पूर्ववर्ती वर्षों की बकाया कर राशि की वसूली के लिए प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05, 12, 19 और 24 दिसंबर 2025 को सभी वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त द्विवेदी ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में घर-घर संपर्क कर नागरिकों को शिविरों की जानकारी दी जाए तथा अधिक से अधिक लोग अपने चालू एवं बकाया कर जमा करें। उन्होंने प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर देने को कहा। इसी क्रम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को किया जा रहा है। लोक अदालत में वर्ष 2024-25 तक के संपत्तिकर एवं जलकर के बकाया भुगतान पर अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। निगम प्रशासन के अनुसार यह करदाताओं के लिए बकाया निपटाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बकायादारों को समय पर नोटिस देकर कर जमा करने की सूचना दी जाए तथा लोक अदालत के दौरान लक्ष्य अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जो बकायादार लोक अदालत में भी अपने करों का भुगतान नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध नगर निगम द्वारा तालाबंदी एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपायुक्त एम.एस. सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक राजस्व अधिकारी रविन्द्र सिंह, राजस्व निरीक्षक रवि प्रकाश मिश्र सहित अन्य उपनिरीक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चित्रांश परिवार रीवा समिति का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**नई कार्यकारिणी ने संभाली कमान, चित्रांश समाज को सशक्त बनाने का लिया संकल्प**



**रीवा** । चित्रांश परिवार रीवा समिति का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित किया गया यह भव्य कार्यक्रम शहर के हृदय स्थल मानस भवन में दोपहर 3:00 बजे से मंगलारंभ के रूप में सुंदरकांड एवं श्री भगवान राम के पूजन से प्रारंभ हुआ द्वितीय सत्र साढे चार बजे से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनिल श्रीवास्तव कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एडवोकेट सुरेश श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुए शैलेंद्र श्रीवास्तव ,एडवोकेट राकेश निगम सीधी जिला अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, मऊगंज जिला अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव , आशुतोष श्रीवास्तव अध्यक्ष उमरिया सतना जिला अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव , पूर्व कार्यकारिणी के सचिव टीपी निगम कार्यकारिणी सदस्य अनुराग श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव डॉ दीपक कुलश्रेष्ठ चित्रांश परिवार समिति के संरक्षक डॉ एसके श्रीवास्तव डॉक्टर विजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ कार्यक्रम में सभी ने भगवान चित्रगुप्त का पूजन माल्यार्पण एवं भव्य सामूहिक आरती से कार्यक्रम की शुरुआत की । मीनाक्षी निगम द्वारा गणेश वंदना एवं राकेश खरे द्वारा स्वागत कविता प्रस्तुत की गई इसके पश्चात नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम माननीय मुख्य अतिथि महोदय एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा कराया गया। शपथ ग्रहण करने वाले अध्यक्ष सुशील खरे उपाध्यक्ष राजेंद्र निगम पंकज श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सचिन कल्पना श्रीवास्तव सह सचिव महेंद्र श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम में आगे बोलते हुए विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र श्रीवास्तव ने युवाओं को आगे करने और एक निश्चित कार्य योजना के तहत काम करने के लिए चित्रांश परिवार समिति और अध्यक्ष सुशील खरे कि सराहना की एडवोकेट राकेश निगम ने नई टीम को शुभकामनाएं दी और पूरे सहयोग का आश्वासन देने के साथ ही समाज के प्रति अपने विचार रखें विभिन्न जिलों से आए जिला अध्यक्षों ने समाज को एकजुट करने और सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक रूप से सशक्त करने के अपने विचार रखें।

# गीता का 15वां अध्याय ज्ञान का सार और गीता का हृदय है : कुलगुरू
# रीवा में हर्षोल्लास से मनाई गई गीता जयंती



**रीवा** । गीता जयंती रीवा में हर्षोल्लास से मनाई गई। एनसीसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बटुकों तथा संस्कृत के आचार्यों ने गीता के 15वें अध्याय पुरूषोत्तम योग का सस्वर पाठ किया। पूरा वातावरण गीता के पवित्र श्लोकों की सुगंध से भर गया। विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के हजारों विद्यार्थी गीता पाठ में शामिल हुए। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा गीता पूजन करके समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि गीता का 15वां अध्याय ज्ञान का सार और गीता का हृदय है। इसमें परमात्मा, जीवात्मा और विश्व के संबंध में वास्तविक सत्य बताया गया है। हम सबको अपने जीवन को सही दिशा देने के लिए गीता का अध्ययन और मनन करना चाहिए। इसका हर अध्याय हमारे जीवन को सही दिशा देने वाला प्रकाश है। गीता में ज्ञान, विज्ञान, धर्म, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग सहित समस्त वेदों का सार है। इसमें जीवन और जगत की हर कठिनाई को हल करने का मंत्र है। समारोह में विश्व गीता प्रतिष्ठान के केन्द्रीय उपाध्यक्ष जेएल त्रिपाठी ने कहा कि गीता में 15वें अध्याय में संसार, जीवात्मा और परमात्मा सहित तीनों तत्वों का वर्णन है। यह अध्याय गीता का प्राण है। भगवान कृष्ण ने गीता में कहा है कि जीव का कल्याण परमात्मा की भक्ति में निहित है। इस अध्याय में पूरे विश्व की कल्पना पीपल के वृक्ष के रूप में की गई है। इस वृक्ष की जड़ें आकाश की ओर हैं। इसकी प्रथम शाखा ब्रम्हा जी के रूप में है जिससे समस्त सृष्टि का सृजन हुआ है। इस वृक्ष के पत्ते वैदिक मंत्र हैं जो सदैव अविनाशी रहकर मानव का मार्गदर्शन करते हैं। जो इस संसार रूपी वृक्ष के गुण जान लेता है वही वेदों का सच्चा जानकार है। समारोह में प्रचारक हरिनारायण ने कहा कि गीता का ज्ञान धर्म की स्थापना के लिए है। सबसे बड़ा धर्म दीन दुखी की सेवा करना है। परोपकार और परमात्मा की ओर उन्मुख होकर ही हम अपना जीवन सफल बना सकते हैं। समारोह में संस्कृत आचार्य राजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि गीता विश्व कल्याण की पथ प्रदर्शिका है। भगवान कृष्ण के मुखारबिन्द से यह अखिल जगत के कल्याण के लिए प्रगट हुई है। समारोह स्थल में गीता ज्ञान तथा भगवान श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी हुई प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। समारोह में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, विष्णु प्रपन्नाचार्य, जिलाध्यक्ष विश्व गीता प्रतिष्ठान सत्यनारायण दुबे, भारतेन्दु जी, रमाशंकर शुक्ल, अध्यक्ष जिला रेडक्रास समिति, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, राजीव शुक्ला अध्यक्ष विप्र सेवा संघ, बड़ी संख्या में संस्कृत आचार्य तथा विद्यार्थी शामिल हुए।

## इज़रायल वॉटर इकोसिस्टम विज़िट: रीवा आयुक्त डॉ. सोनवणे प्रतिनिधिमंडल में शामिल, शहरों में जल प्रबंधन को तकनीक आधारित और टिकाऊ बनाने के लिए इज़रायल मॉडल का अध्ययन



**रीवा** । भारत–इज़रायल जल प्रबंधन मॉडल पर अध्ययन में भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा समन्वित पाँच-दिवसीय इज़रायल वॉटर इकोसिस्टम एक्सपोज़र विज़िट में रीवा नगर निगम के आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे शामिल हुए। यह प्रतिनिधिमंडल भारत के 20 सदस्यीय उच्चस्तरीय दल का हिस्सा है, जिसमें मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा तेलंगाना, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और झारखंड के नगरीय विभागों के प्रमुख अधिकारी सम्मिलित हैं।इज़रायल पहुँचने पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत के राजदूत अंबेसडर जे.पी. सिंह से मुलाकात की। अध्ययन यात्रा के दौरान दल ने इज़रायल के उन्नत जल प्रबंधन मॉडल, जल पुनर्चक्रण तकनीक, स्मार्ट वॉटर नेटवर्क, जल संरक्षण प्रणाली और आ धु नि क शहरी जल संरचना का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। अधिकारियों का मानना है कि यह अध्ययन भविष्य में शहरी जल संकट के समाधान और स्मार्ट सिटी योजनाओं को मजबूती प्रदान करेगा।



## धान उपार्जन: तारीख नहीं बदली, निर्धारित तिथि से ही शुरू है धान की खरीदी, सत्यापन की प्रक्रिया केवल उन किसानों के लिए जो सिकमी और बटाईदार भूमि के रूप में पंजीकृत

**रीवा**। जिले के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तारीख में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संचार माध्यमों में प्रकाशित उन खबरों का खंडन किया गया है, जिनमें दावा किया गया था कि धान का उपार्जन 12 दिसंबर से शुरू होगा और धान के रकबे एवं किसानों का दोबारा सत्यापन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन निर्धारित तिथि एक दिसंबर से शुरू हो गया है। किसान स्लॉट बुकिंग के अनुसार अपने निर्धारित केंद्रों पर धान लेकर पहुंचें, जहाँ उनकी धान का उपार्जन किया जाएगा। धान के रकबे या सभी किसानों का दोबारा सत्यापन नहीं किया जाएगा। सत्यापन की प्रक्रिया केवल उन किसानों के लिए की जाएगी जो सिकमी और बटाईदार भूमि के रूप में पंजीकृत हैं। सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों की जाँच प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनकी धान की खरीदी के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। पंजीकृत और सत्यापित किसानों से खरीदी एक दिसंबर से ही स्लॉट बुकिंग के अनुसार प्रारंभ हो चुकी है।

# मऊगंज मे 2100 विद्यार्थियों ने एक स्वर में किया गीता पाठ

मऊगंज





जिला मुख्यालय में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का भव्य आयोजन शहीद केदारनाथ महाविद्यालय ग्राउंड में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। गीता जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ, जिसमें जिलेभर में 2100 विद्यार्थियों ने एक साथ सहभागिता की।मुख्य वक्ता पंडित राज कुमार शर्मा ने गीता ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को जगाने का यह प्रयास अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि उज्जैन की ओर से पूरे मध्य प्रदेश में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले में यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि गीता उपनिषदों का सार है, जिसका पाठ मनुष्य के जीवन से अवसाद, हताशा व निराशा को दूर कर उसे ओज, तेज और आत्मविश्वास प्रदान करता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गीता के श्लोक "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों को कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से अध्याय 15 का पाठ कराया गया। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे प्रतिदिन गीता के किसी श्लोक का अभ्यास करें, तो यह निश्चित रूप से उनके व्यक्तित्व और जीवन दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कलेक्टर ने बताया कि 5153वीं गीता जयंती के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम जनसहभागिता और सांस्कृतिक जागरूकता का उदाहरण है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत मऊगंज अध्यक्ष नीलम सिंह, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पी.के. पांडे, डिप्टी कलेक्टर पवन गौरैया, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्रा सहित जिले के विद्यालयों-महाविद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर आया, बल्कि युवा पीढ़ी को गीता के जीवन-प्रेरक सिद्धांतों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# लंबित शिकायतों का 50 प्रतिशत निराकरण सात दिन में करें : कलेक्टर



**रीवा** । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाइन में बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं। सभी अधिकारी लंबित शिकायतों का कम से कम 50 प्रतिशत सात दिवस में निराकृत करें। जिन विभागों में 50 से अधिक शिकायतें लंबित हैं उनके खण्ड स्तरीय अधिकारी भी अगली टीएल बैठक में लंबित पत्रों के प्रतिवेदन के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। यदि कोई शिकायत बिना किसी कार्यवाही के लेबल-1 से आगे जाएगी तो अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी निराकरण करें। स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीएचई, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के विभागीय एजेण्डा बिन्दुओं पर सभी अधिकारी तत्परता से कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इनके संबंध में विभाग प्रमुख के निर्देशों का तत्परता से पालन करें। उप संचालक कृषि जैविक हाट बाजार तत्काल शुरू कराएं। जिला प्रबंधक विपणन संघ खाद की आपूर्ति के लिए नई व्यवस्था के अनुसार वितरण सुनिश्चित करें। सभी खरीदी केन्द्रों में केवल टोकन के आधार पर ही खाद वितरित कराएं। बिना टोकन खाद देने पर कार्यवाही की जाएगी। खाद वितरण के लिए तैनात नोडल अधिकारी वितरण केन्द्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। खाद वितरण में किसी भी तरह की कठिनाई आने पर तत्काल अवगत कराएं। महाप्रबंधक उद्योग उद्यम क्रांति योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य दिसम्बर माह में पूरा कराएं। उप संचालक पशुपालन नए मिल्क रूट बनाने तथा कामधेनु योजना की लक्ष्यपूर्ति के लिए विशेष प्रयास करें। उप संचालक मछलीपालन किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य के अनुसार वितरण कराएं। अग्रणी बैंक प्रबंधक बैंकों द्वारा विश्वकर्मा योजना के प्रकरणों को बिना किसी कारण अमान्य करने के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। दिसम्बर माह में विश्वकर्मा योजना से कम से कम एक हजार प्रकरण स्वीकृत कराएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ज्योति स्कूल आरटीआई द्वारा मांगी गई महत्वपूर्ण जानकारी से भाग रहा है : गौरव तिवारी फीस स्ट्रक्चर, टैक्स डिटेल और सरकारी रियायतों पर उठे सवाल




**रीवा**। शहर के प्रतिष्ठित ज्योति किंडर गार्डन एवं ज्योति मिशनरी स्कूल को लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही के मुद्दे पर नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा नेता गौरव तिवारी ने स्कूल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि आरटीआई के तहत मांगी गई महत्वपूर्ण जानकारियाँ देने से इनकार कर दिया और माइनॉरिटी स्टेटस का हवाला देते हुए खुद को आरटीआई के दायरे से बाहर बताया।गौरव तिवारी के अनुसार, आरटीआई के माध्यम से स्कूल से जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई, उनमें शामिल थे फीस संरचना, सरकारी रियायतों एवं सब्सिडी का उपयोग, टैक्स विवरण, सरकारी भूमि आवंटन और उसका उपयोग तिवारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन ने आधिकारिक पत्र में जवाब दिया कि एक अल्पसंख्यक संस्था होने के नाते वह आरटीआई के तहत सूचना देने के लिए बाध्य नहीं है। तिवारी ने कहा कि शहर के कई निजी शिक्षण संस्थान आरटीआई का जवाब देते हैं, ऐसे में ज्योति स्कूल पारदर्शिता से क्यों बच रहा है। क्या टैक्स और सरकारी रियायतों का सही उपयोग किया गया,स्कूल को दी गई बड़ी मूल्य की सरकारी भूमि किस आधार पर आवंटित हुई, तिवारी ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट कई बार टिप्पणी कर चुके हैं कि माइनॉरिटी स्टेटस जवाबदेही से बचने का साधन नहीं बन सकता।